तो अब रणबीर कपूर और रणवीर सिंह दिखेंगे एक साथ?

हाल ही में ये खबर सामने आई थी कि अभिनेता रणवीर सिंह ने कॉमेडी फिल्म करने की इच्छा जताई है. उन्होंने कहा था कि वो आमिर खान और सलमान खान की ९० के दशक में आई फिल्म 'अंदाज अपना अपना' के रीमेक में काम करना चाहते हैं और अब इसी फिल्म से जुड़ी एक अहम खबर सामने आ रही है.

'अंदाज अपना अपना' के रीमेक में काम करने की इच्छा जब रणवीर ने जताई तो रोहित शेट्टी ने भी अपने फैंस को खुश करने वाला बयान दे दिया. पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शेट्टी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि ये एक कल्ट फिल्म है और इसे करना मुश्किल भरा रहेगा. रोहित शेट्टी ने कहा, अगर आप अंदाज अपना अपना का सीक्वल बनाने की सोचते हैं तो एक बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी, क्योंकि ये एक टाइमलेस फिल्म है. और हां, इसके लिए मैं रणबीर कपूर के साथ हाथ मिलाना चाहूंगा, क्योंकि वो मेरे फेवरेट एक्टर हैं. कुछ मौके आए भी हैं और मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में कुछ और चीजें तय की जा सकती हैं. रणबीर कपूर के साथ काम करना बेहतरीन अनुभव रहेगा.'

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

'इनसाइड एज 2' में दिखेंगी अदिति बुढाथोकी

अभिनेत्री अदिति बुढाथोकी वेब सीरीज 'इनसाइड एज 2' में दिखाई देंगी। सीरीज का निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने अपने बैनर एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया है। अदिति ने कहा, ''मैं बस इतना ही कह सकती हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह बेहद खास है क्योंकि मुझे फरहान सर के काम से बेहद लगाव है और उनके प्रोडक्शन के तहत काम करना मेरी चेकलिस्ट में प्रमुखता से शामिल है।'' अदिति मिलिंद गाबा के पंजाबी गीत 'मैं तेरी हो गई' की म्यूजिक वीडियो में भी नजर आई थीं। अभिनेता विवेक ओबेरॉय भी क्रिकेट-थीम वाली वेब श्रृंखला 'इनसाइड एज' के दूसरे सीजन का हिस्सा हैं। 'इनसाइड एज 2' की कहानी क्रिकेट और उसके अंधेरे पक्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें व्यवसाय की दुनिया, ग्लैमर, मनोरंजन की दुनिया और इसके आसपास होने वाली राजनीति शामिल है।

दिशा पाटनी ने फिल्म भारत में बॉडी डबल करने से किया मना

ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी जल्द ही फिल्म भारत में नजर आने वाली हैं। इसमें उनका ऐक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा, जिसके लिए वह जमकर तैयारी भी कर रही हैं। इसके कई विडियोज भी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैन्स के साथ शेयर किए हैं। इस बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जो दिशा का अपने काम के प्रति समर्पण को दिखाती है।

रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा पाटनी को फिल्म भारत में ऐक्शन सीन्स के लिए बॉडी डबल का ऑफर दिया गया था। इस ऑफर को दिशा ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह सभी सीन खुद करेंगी। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग तरह के ऐक्शन की ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया, जिसका रिजल्ट उनके सोशल मीडिया पर शेयर हुए विडियोज में देखा जा सकता है।

वैसे फिटनेस को लेकर दिशा हमेशा ही सजग नजर आई हैं। डांस से लेकर रेग्युलर वर्कआउट के जरिए वह खुद को फिट बनाए रखती हैं। यही वजह है कि वह आज की तारीख में बॉलिवुड की सबसे सेक्सी ऐक्ट्रेस में से एक हैं। बता दें कि, फिल्म भारत में सलमान खान लीड रोल में हैं। उनके साथ कटरीना कैफ अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। दिशा पाटनी को भी मूवी में खास किरदार सौंपा गया है। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

इमरान के साथ काम करना सहज रहा: नंदा यादव

अभिनेत्री नंदा यादव का कहना है कि फिल्म चीट इंडिया के सह-कलाकार इमरान हाशमी के साथ काम करना उनके लिए बेहद सहज रहा। इमरान फिल्म में राकेश की भूमिका में हैं, जो एक रैकेट चलाता है और पैसे कमाने के लिए उन छात्रों को मेरिट सीटें दिलाता है, जो अयोग्य हैं। नंदा इसमें मालिनी अवस्थी के किरदार में हैं जो राकेश के रैकेट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



नंदा ने कहा, इमरान के साथ काम करना वाकई सहज रहा। वह पेशेवर हैं और एक भी दिन ऐसा नहीं रहा जब किसी को उनका इंतजार करना पड़ा हो। वह समय की कीमत समझते हैं। सबसे पहले, इमरान हाशमी को रोमांटिक छवि के बिना देखना अलग अनुभव रहा। लेकिन, सौमिक सेन (निर्देशक) ने पहले ही किरदार में इमरान की कल्पना कर ली थी। अभिनेत्री ने कहा कि सौमिक के निर्देशन में काम करने में उन्हें बहुत मजा आया।